डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/396/2024 　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक: 02/09/2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 में वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत अन्तिम बार आयोजित होने वाली स्नातक – बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0 अन्तिम वर्ष, बी0कॉम0 (वोकेशनल) – प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष व परास्नातक – एम0ए0, एम0एससी0, एम0कॉम0 अन्तिम वर्ष के मुख्य, भूतपूर्व छात्र, पुनः परीक्षा एवं श्रेणी सुधार के रूप में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा हेतु माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में अर्ह अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि 10.09.2024 तक निर्धारित की जाती है।

समस्त अर्ह छात्र–छात्रायें जो उक्त परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है ऐसे संस्थागत छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय के माध्यम से एवं व्यक्तिगत छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dbrau.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

नोट :– वार्षिक प्रणाली के स्नातक– बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0 अन्तिम वर्ष, बी0कॉम0 (वोकेशनल)– प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष व परास्नातक–एम0ए0, एम0एससी0, एम0कॉम0 अन्तिम वर्ष की पुनः परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी एक विषय के एक प्रश्नपत्र तथा अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी दो विषयों के किन्हीं दो प्रश्नपत्रों में परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा एवं राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र पूरित कराने का कष्ट करें।
2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।
3. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
4. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय/परीक्षा/गोपनीय।
6. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक